कान्हा जन्मे आधी रात भादो की रतिया

कान्हा जन्मे आधी रात भादो की रतिया,
भादो की रतिया काली काली रतिया,
कान्हा जन्मे आधी रात भादो की रतिया.....

इनके चरुवे चराएंगी वही सखियां,
जिनके लंबे लंबे बाल कटीली अखियां,
कान्हा जन्मे आधी रात भादो की रतिया.....

इनको पलना झूलाएगी वही सखियां,
जिनके गोरे गोरे हाथ हाथों में चूड़ियां,
कान्हा जन्मे आधी रात भादो की रतिया.....

इनके बधाई गाएंगी वही सखियां,
जिनके छोटे छोटे पांव बजनी सी पायलिया,
कान्हा जन्मे आधी रात भादो की रतिया.....

इनको लोरी सुनाएंगी वही मैया,
जिनका यशोमती नाम नंद जी की रनियां,
कान्हा जन्मे आधी रात भादो की रतिया.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28519/title/kanha-janme-aadhi-raat-bhado-ki-ratiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |